| आदेश की क्रम संख्या एवं तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश की क्रम संख्या एवं तारीख |
|---|---|---|

# राजस्व विविध वाद सं0–15/2021–22

## मोसेमा खातुन, पिता– खुदावक्स शेख

## –: आदेश :–

यह मामला संक्षेप में आवेदिका मोसेमा खातुन, पिता– खुदावक्स शेख, पति– दीन मोहम्मद मंडल, ग्राम–सिराजपूर, अंचल– महेशपुर के द्वारा दाखिल आवेदन के आलोक में प्रारम्भ किया गया। अंचल अधिकारी, महेशपुर से जाँच प्रतिवेदन की मांग की गई। अंचल अधिकारी, महेशपुर के पत्रांक–695/रा0 दिनांक–05–10.2021 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त है। जाँच प्रतिवेदनानुसार मौजा–ऐठापाड़ा थाना सं0–295 के जमाबंदी सं0–190/1 के दाग सं0–268 अन्तर्गत रकवा– 01बी0–19क0–06धूर जमीन किस्म धानी आउल कहकर सर्वे खतियान में देवेन्द्रनाथ दास, पिता– स्व0 जगेश्वर दास के नाम से दर्ज है। आवेदिका मोसेमा खातुन के द्वारा उक्त रकवा में से रकवा–01बी0–04क0–06धूर जमीन निबंधित केवाला सं0– 529/1971 द्वारा क्रय किया गया है तथा अंश रकवा का विक्रय करने के पश्चात् अवशेष रकवा– 00बी0–09क0–06धूर जमीन पर आवेदिका का दखल भोग है। आवेदिका उक्त भूमि का नामान्तरण कराना चाहती है।

अतः अंचल अधिकारी, महेशपुर को आदेश दिया जाता है कि यदि आवेदिका प्रश्नगत भूमि जो उनके भोग दखल में है का नामान्तरण कराने हेतु अंचल कार्यालय महेशपुर में आवेदन दाखिल करती है तो विधि के अनुसार प्रश्नगत भूमि के नामान्तरण के संदर्भ में आदेश पारित किया जाए।

वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

**लेखापित एवं संशोधित।**

**भूमि सुधार उप–समाहर्त्ता,**
**पाकुड़।**

**भूमि सुधार उप–समाहर्त्ता,**
**पाकुड़।**

Digitally signed by RABINDRA CHOUDHARY
Date: 2021.10.28 11:52:03 +05:30
Location: 2001:0:348b:fb58:ccd:5c6:62dc:fcd1